टूर्नामेंट | खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने जीता दिल

वियाना प्रीमियर लीग में तीसरे दिन तीन रोमांचक मुकाबले

जबलपुर। गौरीघाट रेटनाका स्थित वियाना स्पोर्ट्स एरिना में आयोजित महिला क्रिकेट टूर्नामेंट वियाना प्रीमियर लीग सीजन-5 में तीसरे दिन सोमवार को तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में शक्ति स्टार्स और थंडर बोल्ट्स आमने-सामने रहीं। इसके बाद दूसरे मुकाबले में रॉयल विश्वकर्मा का सामना सक्षम नारी वॉरियर्स से हुआ। वहीं तीसरे और अंतिम मैच में स्टार स्ट्राइकर्स तथा रन राइडर्स के बीच मुकाबला खेला गया। खिलाड़ियों के जोश, खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

इससे पहले लीग मैच के दूसरे दिन खेले गए तीन मुकाबलों में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले मैच में शक्ति

स्टार्स ने सक्षम नारी वॉरियर्स को 7 विकेट से पराजित किया। टीम की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मोनिका भलावी को वुमेन ऑफ द मैच चुना गया।

वहीँ दूसरे मुकाबले में स्टार स्ट्राइकर्स ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए थंडर बोल्ट्स को 22 रन से हराया। शानदार प्रदर्शन के लिए आकांक्षा ठाकुर को वुमेन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। दूसरे दिन के तीसरे और अंतिम मुकाबले में नर्मदा टाइग्रेसेस ने रन राइडर्स को 13 रन से मात देकर जीत दर्ज की। टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली खुशबू पटेल को वुमेन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैचों के दौरान महिला खिलाड़ियों के अभूतपूर्व उत्साह, खेल भावना और शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों का दिल जीत लिया। आयोजक तेजल प्रियांश गुप्ता सहित समिति के सभी सदस्यों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं।

नवभारत और सेंट्रल क्रॉनिकल की भूमिका की सराहना

नवभारत Central Chronicle

इस अवसर पर खिलाड़ियों, दर्शकों और आयोजकों ने वियाना प्रीमियर लीग के रोमांचक और यादगार पलों को जन-जन तक पहुंचाने में नवभारत और सेंट्रल क्रॉनिकल की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उपस्थित जनों ने कहा कि दोनों समाचार पत्रों ने प्रतियोगिता के प्रत्येक महत्वपूर्ण क्षण को प्रमुखता से प्रकाशित कर खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को व्यापक मंच प्रदान किया है। खिलाड़ियों ने माना कि मीडिया की सकारात्मक कवरेज उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती है, वहीं दर्शकों ने खेल और खिलाड़ियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में दोनों समाचार पत्रों के योगदान को सराहनीय बताया।

ब्लू हंटर्स को हरा येलो टाइगर्स ने जीता खिताब

▶ हैंडबॉल एवं ड्यूबॉल की सैटरडे लीग प्रतियोगिता का समापन

नवभारत, जबलपुर। मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2026 प्रतिवर्षानुसार सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल खेल परिसर में 1 मई 2026 से विभिन्न खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एथलेटिक्स, हैंडबॉल, ड्यूबॉल, मार्शल आर्ट्स गतका, स्किपिंग, खेल का प्रशिक्षण किया गया। लगभग 70 नवोदित खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

शिविर के दौरान हैंडबॉल एवं ड्यूबॉल की सैटरडे लीग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को 4 टीमों में विभाजित किया गया। व्हाइट ईगल्स, ब्लैक पैंथर्स, येलो टाइगर्स, ब्लू हंटर्स इनके मध्य लीग आधार पर 26 मैचेस खेले गए। फाइनल मैच येलो टाइगर्स तथा ब्लू हंटर्स के मध्य खेला गया। बड़े ही रोमांचक मैच के पश्चात येलो टाइगर्स ने 29-26 से जीत हासिल की। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए उनको पुरुस्कार भी दिए गए।

इनकी रही उपस्थिति-इस अवसर पर शाला प्राचार्या मौलश्री दुबे, रणजीत कौर, कुलदीप कौर, राजेश यादव, डॉ रोहित वर्मा, गगन वालिया, हरीश दुबे, डॉ. प्रशांत मिश्रा आदि की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में पलक चंसौरिया, महक जायसवाल, तनवी सतनामी, अंशिका जंघेला, तनुजा सेन का योगदान रहा। सभी खिलाड़ी सनातन धर्म पब्लिक शाला के खेल परिसर में हरमिंदर सिंह ढिल्लो एवं जगपाल सिंह ढिल्लो के अंतर्गत निरंतर अभ्यासरत है।

अण्डर 13 एवं 15 संभागीय क्रिकेट टीम की चयन ट्रायल 11-12 को

नवभारत, जबलपुर। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ के अनुसार वर्ष 2026-27 हेतु प्रयोगात्मक रूप से मल्टी-डेज अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता, जिसमें अंडर 13 एवं अंडर 15 की 2 टीमें शामिल करने का प्रस्ताव है। इन दोनों टीमों के खिलाड़ियों का चयन एमपीसीए के चयनकर्ताओं द्वारा किया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक संभाग द्वारा बालक वर्ग अण्डर 13 एवं बालक वर्ग अण्डर 15 के लिए सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया जाना है।

जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के सचिव सुशील रजक के द्वारा दी जानकारी के अनुसार बालक वर्ग अण्डर 13 की सिलेक्शन ट्रायल11 जून एवं बालक वर्ग 15 की सिलेक्शन ट्रायल 12 जून को आयोजित की जा रही है। चयन प्रक्रिया ओलंपिक ग्राउंड खमरिया मे सुबह 9 बजे से आयोजित की जाएगी।

रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं

बालक वर्ग अण्डर 13 की संभागीय टीम हेतु सिलेक्शन ट्रायल की कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2013 से 31 अगस्त 2016 एवं बालक वर्ग अण्डर 15 के लिए कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 है। सभी खिलाड़ी अपनी जन्मतिथि के लिए डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट एवं आधार कार्ड लेकर उपस्थित रहे। जबलपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों एवं सभी क्लबों और एकेडमियों को सूचित किया जाता है कि इस चयन प्रक्रिया में अपने क्लबों एवं एकेडमियों के रजिस्टर्ड खिलाडियों को भेजे।

नैन तुम्हारे मजेदार ओ जनाबे आली

जबलपुर, नवभारत। स्वर्ण सरोवर गीतमाला का रविवार को शानदार 27 वां कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर डा.पुरुषोत्तम सराफ और सीता देवी के गीत आजा मेरी जान ये है जून का महीना, तेरे होंठों के दो फूल प्यारे प्यारे से शुरु हुआ तो दर्शकों की तालियों से हाल गूंज उठा फिर डा अनिल वाजपेई और प्रीति मिश्रा ने मेहताब तेरा चेहरा और नैन तुम्हारे मजेदार ओ जनाबे आली ने खूब तालियां बटोरी, स्वेता जैन ने सुन साहिबा सुन मंजू चतुर्वेदी ने मौसम है आशिकाना प्रीति गर्ग ने बेरिया वे किया क्या कसूर और विजय जाटव एवं मंजू झारिया ने दिन सारा गुजारा तोरे अंगना अब जाने दे मुझे मोरे सजना जैसे गीतों ने धूम मचा दी। इसके

साथ ही वंदना सिन्हा मनोज सिन्हा शेखर टिलवानी, संतोष गोगिया, सुखवंत सिंह, संतोष तिवारी, किशोर कथूरिया, के. के. ताम्रकार, दीपक खरे, महेन्द्र मिश्रा, सुभाष खरे, भक्ति बाबरिया, गणेश खरे, विजय दाते मनोज शर्मा, राधा थापा, शोभा सिंह, रूमा बैनर्जी ने शानदार गीत प्रस्तुत किए।

अस्वस्थ व्यक्ति को तत्काल मिला प्रारंभिक उपचार

जबलपुर, नवभारत। जबलपुर रेल मंडल यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने के लिए सतत प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में 08 जून सोमवार को जबलपुर रेलवे स्टेशन पर एक यात्री को समय रहते त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराकर उसकी स्थिति को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 पर नम: होटल के समीप एस्केलेटर के सामने एक व्यक्ति के अचानक अस्वस्थ होकर चक्कर आने की सूचना स्टेशन पर उपलब्ध उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) आशीष चड्ढा को प्राप्त हुई। जिन्होंने तत्काल अपने साथ स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य रविकांत के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ ईएमआर क्लिनिक की पैरामेडिकल स्टाफ अनीता भी उपस्थित रहीं।

प्रदान किया प्राथमिक उपचार

बता दे कि मौके पर पहुंचकर आकस्मिक चिकित्सा सुविधा दल द्वारा संबंधित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। हालांकि प्राथमिक उपचार के उपरांत भी व्यक्ति को अपेक्षित आराम नहीं मिला तथा वह स्पष्ट रूप से संवाद करने की स्थिति में नहीं था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सा दल ने बिना विलंब आवश्यक निर्णय लेते हुए एम्बुलेंस की व्यवस्था की तथा संबंधित व्यक्ति को आगे के उपचार एवं चिकित्सकीय परीक्षण हेतु शासकीय अस्पताल भेजा गया।

अमित चौबे सदस्य नियुक्त

जबलपुर, नवभारत। भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ द्वारा आयुध निर्माणी खमरिया के कर्मचारी नेता अमित चौबे को कर्मचारियों के हितों के प्रभावी प्रतिनिधित्व हेतु सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति संगठन के प्रति समर्पण, नेतृत्व क्षमता एवं कर्मचारी हितों के संरक्षण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए की गई है। वही कामगार यूनियन, आयुध निर्माणी खमरिया परिवार ने अमित चौबे को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की मंगलकामना की है।

इस अवसर पर कामगार यूनियन के अध्यक्ष राजेन्द्र चराडिया, महामंत्री प्रेमलाल सेन एवं रूपेश पाठक ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अमित चौबे की नियुक्ति कर्मचारियों के हितों की आवाज को और अधिक सशक्त बनाएगी।

संस्कार भारती के कार्यक्रम में सुरों से भावविभोर हुए श्रोता

नवभारत, जबलपुर। आरएसएस शताब्दी वर्ष पर संस्कार भारती जबलपुर महानगर द्वारा शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोलाबाजार में संघ गीतों का कार्यक्रम 'हम करें राष्ट्र आराधन' आयोजित हुआ। इसमें मरीजों की सेवा में व्यस्त रहने वाले शहर के प्रख्यात चिकित्सकों ने सुमधुर गायन प्रतिभा से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि प्रदेश महाधिवक्ता प्रशांत सिंह रहे। मंच पर प्रांत संघचालक डॉ. प्रदीप दुबे, संरक्षक डॉ. जितेंद्र जामदार व डॉ. पुष्पराज पटेल, प्रांत अध्यक्ष मणिकांत महेश्वरी, महाकोशल प्रांत महामंत्री धनराज गुप्ता और महानगर अध्यक्ष माला सिंह उपस्थित रहीं।

राष्ट्र निष्ठा जगाने का प्रयास-प्रांत संघचालक डॉ. प्रदीप दुबे ने कला से राष्ट्र निष्ठा जगाने के लिए संस्कार भारती को सराहा। महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने संघ गीतों की प्रेरणादायी भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. जितेंद्र जामदार ने व्यस्त दिनचर्या के बावजूद अभ्यास कर प्रस्तुति देने वाले डॉक्टरों की प्रशंसा की।

डॉक्टरों की प्रस्तुतियां और उपस्थिति-कार्यकारी अध्यक्ष प्रभात दुबे व उपाध्यक्ष डॉ. अश्विन देशमुख के संचालन में डॉ. माणिक पांसे, डॉ. हर्ष सक्सेना, डॉ. रूपा सरकार, डॉ. कुसुम सोलंकी, डॉ. एच. एस. मरकाम, डॉ. राजेश महोबिया, डॉ. ललित श्रीवास्तव, डॉ. जनमेजय जामदार, डॉ. राखी बाजपेयी, डॉ. रूमिका राव, डॉ. निधि नन्दगिरिकर व डॉ. प्रियंका ने प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान सह महामंत्री निखिल देशकर, उपाध्यक्ष विजयश्री मिश्रा, कोषाध्यक्ष मदन पटेल, सह कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ शुक्ला, कमलेश यादव, प्रियंका मिश्रा, शैलजा सुल्लेरे, शालिनी खरे आदि उपस्थितरहेष गौरव दुबे, आदेश सिंह, राजेश खरे, संजय सिंह और आरती दीक्षित उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस पर अभियान आयोजित

जबलपुर, नवभारत। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 08 जून सोमवार को अंतरराष्ट्रीय लेवल क्रॉसिंग जागरूकता दिवस के अवसर पर जबलपुर मंडल के कछपुरा-मदन महल रेलखंड के मध्य स्थित समपार फाटक क्रमांक 316 पर विशेष सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।इस अभियान का नेतृत्व वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अमित कुमार साहनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संरक्षा विभाग, यातायात विभाग, इंजीनियरिंग विभाग तथा रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अभियान में यातायात विभाग से एस.के. श्रीवास्तव (टी.आई., मदन महल), इंजीनियरिंग विभाग से सतीश कुमार (एस.एस.सी./पी-वे), जितेंद्र एवं संबंधित विभागों के कर्मचारियों सहित आरपीएफ मदन महल का स्टाफ उपस्थित रहा।

राहगीरों से की गई अपील

अभियान के दौरान समपार फाटक का उपयोग करने वाले सड़क उपयोगकर्ताओं, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को संरक्षा संबंधी पम्पलेट वितरित किए गए तथा उन्हें रोककर रेलवे समपार फाटक से संबंधित संरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित अधिकारियों द्वारा लोगों को विशेष रूप से यह समझाइश दी गई कि बंद समपार फाटक को पार करने का प्रयास न करें, क्योंकि ऐसा करना न केवल कानून अपराध है बल्कि गंभीर दुर्घटना का कारण भी बन सकता है। रेल अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की समपार फाटक बंद होने की स्थिति में धैर्य रखें तथा फाटक खुलने तक प्रतीक्षा करें। साथ ही रेलवे द्वारा प्रदत्त सभी चेतावनी संकेतों एवं संरक्षा निर्देशों का पालन करें।

जाहिर नोटिस

CNR No. MHLC-000498-2026

जावक क. 2529 /2026

कामगार न्यायालय, मुंबई नवीन प्रशासकीय इमारत, तल मजला, शासकीय वसाहत, वांद्रे (पूर्व), मुंबई- 400 051

दिनांक : 21/5/2026

कर्मचारी भरपाई आयुक्त, मुंबई और न्यायाधीश, 10 वे कामगार न्यायालय, मुंबई श्रीमती जे.आर. राउत, इनके सामने, अर्ज

(नुकसान भरपाई अर्ज) क्र. 102/ए-26/2026

1. श्री. अनुप भाडु सिंग
2. श्रीमती भादो बाई अनुप सिंग
3. श्रीमती. अनादनी हाडी अनुप सिंग

पत्ता : वॉर्ड नं. 16, काशापानी, पोस्ट बिलासपुर, थाना चांदिया, जिल्हा उमारीया राज्य मध्यप्रदेश 484 660 ......अर्जदार

विरुद्ध

1. श्री. गगा प्रसाद गाउड ....प्रतिवादी समृध्दी हाइटस, वापगाव, भिंवडी रोड, कल्याण 421 302
2. द न्यु. इंडिया एशुरन्स कंपनी लि. ....प्रतिवादी न्यु. इंडिया एशुरन्स बिल्डींग, एम.जी. रोड, मुंबई 400 001

जाहिर सूचना

इस सूचना के द्वारा अवगत किया जाता है की, मृत श्री. जगदिश अनुप सिंग का काम करते समय दिनाक 24/12/2024 को दुर्घटना के कारण से निधन हो गया और उनके निधन के पश्चात यह आवेदक इनके कानूनी वारिस है और इस न्यायालय में अर्जी दाखील किये है। इस कंपनी ने रक्कम धनादेश के द्वारा कर्मचारी भरपाई आयुक्त, मुंबई मे जमा किया गया है। नुकसान भरपाई रक्कम रु. 16,79,272/- (रु. सोलह लाख उनासी हजार दो सो बहत्तर मात्र) इतनी रक्कम उपरोक्त आवेदक ने कर्मचारी भरपाई आयुक्त कार्यालय, मुंबई मे जमा कि गयी उनको वितरण करने के लिये अर्जी दाखिल कि है।

अतः इस सुचना तहत अवगत किया जाता है की इस न्यायालय, मे जमा कि गयी नुकसान भरपाई रक्कम आवेदकों को प्रदान करने पर अगर किसी भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों की आपत्ती है या उसे विरोध है तो उस प्रकार कि सुचना प्रकाशीत होने के 30 दिन के भितर न्यायालय मे दाखल करें। 30 दिन की अवधी समाप्त होने के पश्चात प्राप्त विरोध या सूचना पर विचार नहीं किया जाऐगा। इससे संबंधित लोक ध्यान रखें।

दिनांक : / /2026 तहत हस्ताक्षर शिक्का सहीत हस्ताक्षर कि गयी है।

सुनवाई कि तारीख 20/06/2026

आदेशानुसार, प्रभारी सचिव

कामगार न्यायालय, मुंबई

In The Court Of V Civil Judge Class-1, District Court, Jabalpur

presiding officer: रश्मि मंडलोई ठाकुर

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCSA/0000842/2020) process id- /2026

पेशी दिनांक: 20/06/2026 //इश्तहार//

सुनील किन्जवडेकर ..... **वादी विरूद्ध मुकुल नौखरा .... प्रतिवादी प्रेषिती- 1. पैसिफिक आटोमेशन द्वारा प्रोपइटर** पता- **निवासी 1562 नलिनी अपार्टमेंट राइट टाउन जिला जबलपुर म.प्र.**

यह कि प्रार्थी सुनील किन्जवडेकर ने आपके विरूद्ध सिविल सूट दावा वास्ते निष्कासन हेतु। के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मान किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निदेश भी दिया जाता है कि उस दिनऐसे दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति मे है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति मे हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे य प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 27 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मोहर (रश्मि मंडलोई ठाकुर)

पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड जबलपुर (म.प्र.)

न्यायालय नायब तहसीलदार नैनपुर जिला मण्डला

क्रमांक / तह./प्रवा./2026/189

नैनपुर दिनाँक 05/06/2026

प्र.क्र. 009 (अ-20(3) 24-25

// इश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पाठासिहोरा तहसील नैनपुर जिला मण्डला को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पाठासिहोरा प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. डिंटौरी में से स्थित भूमि ख.न. 275 रकबा 0.58 है. मे से 0.58 रकबा है, भूमि पावर हाऊस भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन के लिये आवेदक / विभाग संस्था MPPKVVCL Mandla (M.P.). के द्वारा भूमि आवटन की माग हेतु आवेदन पत्र श्रीमान् कलेक्टर महो. मण्डला के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: एतद द्वारा इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त वर्णित भूमि के सम्बध मे जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई दावा/आपति पेश करना हो तो आप स्वय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 19/06/2026 को दिन के 11.00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

नायब तहसीलदार

नैनपुर जिला मण्डला

नाम परिवर्तन सूचना

मैं आलोक चौरसिया पिता कालूराम चौरसिया, निवासी मकान नं. 507, शांति नगर के पास, हनुमान मंदिर, जबलपुर, मध्य प्रदेश - 482002 यह घोषणा करता हूँ, कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक N7406320 में मेरा नाम ALOK CHOURASIA पिता KALU RAM CHOURASIA लिखा है, जिसे मैंने बदलकर ALOK CHOURASIYA कर दिया है।

अत: मुझे ALOK CHOURASIYA नाम से जाना एव लिखा जाए।

पूर्व नाम :- ALOK CHOURASIA

परिवर्तित नाम :- ALOK CHOURASIYA

कार्यालय मुख्य अधिशासी अधिकारी

OFFICE OF THE CHIEF EXECUTIVE OFFICER

CANTONMENT BOARD JABALPUR

क.छा.प.ज./ वा. विभाग/प्रेस विज्ञप्ति/2026/530

दिनांक 08 जून, 2026

आम सूचना

छावनी क्षेत्र के समस्त रहवासियो को सूचित किया जाता है कि दिनाक 10.06.2026 से छावनी क्षेत्र मे पानी की सप्लाई दिन मे केवल 01 बार ही प्रात: काल 01 घण्टे की जाएगी। ताकि आमजन अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए पानी को एकत्र कर सके। अत: समस्त छावनीवासी भूमिगत जल के लगातार गिरते स्तर को बचाने एव पानी की आपूर्ति पूरी करने के लिए पानी का दुरूपयोग बद करें। साथ ही साथ छावनी क्षेत्र मे वाहनों की धुलाई का कार्य कर रहे समस्त दुकानदारों, गाडी मैकेनिकों आदि को आदेशित किया जाता है कि आगामी आदेश तक गाडियों की धुलाई का कार्य पूर्ण रूप से बंद रखेंगे। ऐसा न करने पर उनके विरूध जुर्माना वसूलनें के साथ-साथ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही साथ पानी का दुरुपयोग करने के कारण आपके नल कनेक्शन/बोरिंग आदि की जब्ती की जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी। यह आदेश एवं सूचना छावनी क्षेत्र के समस्त रहवासियों / व्यापारियों के लिए आगामी मानसून आने तक प्रभावी रहेगा।

मुख्य अधिशासी अधिकारी

छावनी परिषद, जबलपुर

(राजीव कुमार)

मा.ट.सं.सेवा

कार्यालय नगर परिषद छपारा जिला-सिवनी म.प्र

Email Id- cmochhapara@mpurban.gov.in

Phone # 07691299103

क्रं./411/न. परि/2026

जीआईएस सर्वेक्षित सम्पतियों पर दावा आपति हेतु इश्तहार

दिनांक 03/06/2026

आपत्ति इश्तिहार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल पत्र क्रं.-21445/शा-13/श.सु.का/2023 भोपाल दिनाक 22/12/2023 के परिपालन एवं नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 134 के अधीन शहरी सुधार कार्यक्रम मे क्लटर अंतर्गत जी आई एस आधारित सम्पत्तिकर सर्वेक्षण का कार्य नगर परिषद छपारा सीमा क्षेत्र मे स्थित संपत्तियों का किया गया है। जिसके तहत वार्ड क्रं. 01,02,03,04,05,06,07,08,09,10,11,12,13,14 एवं 15 सम्पत्तियों का सर्वेक्षण डाटा प्रपत्र निकाय को प्राप्त है। जिसकी सूचना का प्रकाशन दावा आपति मिलान किए जाने हेतु किया जाता है। सर्वेक्षित डाटा प्रपत्र अवलोकन हेतु नगर परिषद छपारा के राजस्व शाखा में उपलब्ध है। जिसका कार्यालयीन दिवस एंव समय में अवलोकन किया जा सकता है। जिस किसी कर दाता को अपने भवन / भूखण्ड / भूमि के कमी या बढोत्तरी होने या अन्य किसी भी प्रकार की आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अदर लिखित रूप से मय ठोस दस्तावेजो के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मौखिक रूप से कोई भी दावा आपत्ति मान्य नही की जावेगी। यदि इस सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अदर कोई लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत नही की जाती है तो जी आई एस सर्वेक्षण का दावा निकाय द्वारा मान्य किया जाकर सर्वेक्षित सम्पतियों पर नियमानुसार कर वसूली की कार्यवाही की जावेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी

जिला-नगर परिषद छपारा जिला सिवनी (म.प्र.)

कब्जा नोटिस (अचल संपति के लिए) नियम 8-(1)

[illegible]

उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
[illegible]	[illegible]	[illegible]	09-03-2026	03-06-2026
[illegible]	[illegible]	[illegible]	10-02-2026	04-06-2026
[illegible]	[illegible]	[illegible]	03-03-2026	04-06-2026

[illegible]

स्थान: जबलपुर

दिनांक: 09.06.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

//द्वितीय निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	PRO- 276 Date-08/06/2026 2026_UAD_512676_1	महर्षि अरविंद वार्ड अंतर्गत विजय प्रजापति के घर से किशन गुड्डा चक्रवर्ती के घर से होते हुए हीरा बाई के घर तक सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण कार्य।(निगम मद)	03 माह 8.55 लाख	2000/- 8556/-	22/06/2026
2	PRO- 276 Date-08/06/2026 2026_UAD_512676_2	महर्षि अरविंद वार्ड अंतर्गत संजू परोची बेन मोहल्ला के घर से शिवराम बेन के घर से छोटू ढोल वाले की दुकान तक सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण कार्य।(निगम मद)	03 माह 11.02 लाख	2000/- 8267/-	08/07/2026
3	PRO- 276 Date-08/06/2026 2026_UAD_512676_3	महर्षि अरविंद वार्ड अंतर्गत प्रकाश पेंटर के घर से पप्पू बाबा के घर तक सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण कार्य।(निगम मद)	03 माह 8.71 लाख	2000/- 8713/-	22/06/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री(लोककर्म) नगर निगम जबलपुर